हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 28 मई 2025


तापमान

अधिकतम 37 .0 डिग्री
न्यूनतम 28 .0 डिग्री


10 आधुनिक शिक्षा प्रणाली में गतिविधियां अहमः राजेश



10 श्रद्धालुओं ने न्याय के देवता शनिदेव की पूजा की




## खबर संक्षेप

### तुफान से खेतों में लगे सोलर पैनल टूटे

**जींद।** जिले में गत 24 मई देर रात तेज हवा के साथ हुई जोरदार बारिश ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। तेज हवा के चलते खेतों में लगे सोलर वाटर पंप कनेक्शन (सोलर प्लेटें) टूट गए हैं। जिससे किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। गांव बहबलपुर निवासी गीता देवी ने बताया कि उन्होंने खेत में 7.5 एचपी का सोलर पंप लगवाया हुआ है।

### युवती को रेलवे में नौकरी लगवाने का आरोपी दबोचा

**कैथल।** थाना राजौंद क्षेत्र में एक युवती को रेलवे में नौकरी लगवाने के मामले की जांच थाना राजोंद पुलिस के एसआई रमेश चंद्र की टीम द्वारा आरोपी अलेवा जिला जींद निवासी रामनिवास को काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेरधा निवासी राजेश कुमार कि शिकायत अनुसार अलेवा जिला जींद निवासी रामनिवास कैंचुआ खाद बनाने का बिजनेस करता है।

### बाप व बेटी से मारपीट करने पर चार नामजद

**जींद।** गांव झांज कलां में बाप व बेटी के साथ मारपीट करने पर सदर थाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव झांज कलां निवासी बिश्रदास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बकरियों के लिए पेड़ से पत्ते झाड़ रहा था। उसी दौरान गांव के ही धर्मपाल ने विरोध करते हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

### एसडीएम से मिले नंबदार एसोसिएशन पदाधिकारी

**जींद।** नंबरदार एसो प्रतिनिधिमंडल एसडीएम दलजीत सिंह से मिला। नंबरदारों के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में एसडीएम को अवगत करवाया गया। प्रधान सुरेश कटारिया ने बताया कि एसडीएम से मुलाकात कर नंबरदारों को आने वाली समस्याओं के बारे में बताया। एसडीएम ने भी कहा कि नंबरदारों की कोई भी समस्या हो तो मुझे सीधे मिले तुरंत हल होगा।

### कालेज के लिए निकली युवती संदिग्ध हालात में लापता,केस

**जींद।** गांव लखमीरवाला से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव लखमीरवाला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी घर से कालेज के लिए निकली थी। जिसके बाद नही लौटी। पूछताछ करने पर कोई सुराग नही लगा।

### ईंट चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** खेत से ईंट चोरी करने के मामले की जांच थाना तितरम पुलिस के एएसआई कुलदीप कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव चंदाना निवासी विजय उर्फ धोला को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव चंदाना निवासी महिला भुल्ली की शिकायत अनुसार 9 मार्च को उसके खेत से विजय, अजय व राजपाल 2 हजार ईंटें चोरी कर ले गए थे।

### नकदी-जेवरात के साथ युवती लापता, केस दर्ज

**जींद।** गांव अलेवा से नगदी तथा जेवरात के साथ युवती के गायब होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव अलेवा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 24 मई को सुबह उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा है।

### मलेरिया जागरूकता कैंप का किया जाएगा आयोजन

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग हरियाणा के निर्देशानुसार जून 2025 माह को एंटी मलेरिया माह के रूप में जिले में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारी की रोकथाम एवं जागरूकता के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# बाबा बर्फानी के दर्शनों को लेकर श्रद्धालुओं में बढ़ा क्रेज मेडिकल के लिए हर दिन 10 से 15 लोग पहुंच रहे अस्पताल

*अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से प्रारंभ होगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अमरनाथ यात्रा तीन जुलाई से शुरू होने जा रही है। जोकि 38 दिन आगामी नौ अगस्त तक चलेगी। श्रद्धालुओं में बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए फिर से क्रेज शुरू हो गया है। इस समय नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन दस से 15 श्रद्धालु जरूरी मेडिकल सर्टिफिकेट बनवाने की प्रक्रिया को लेकर पहुंच रहे हैं। यात्रा पर 13 से 70 साल की उम्र तक के लोग जा सकते हैं। हालांकि गत 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद अमरनाथ यात्रा के लिए जरूरी मेडिकल करवाने वाले लोगों में कमी आई। हालांकि लोगों ने रजिस्ट्रेशन तो करवाए लेकिन मेडिकल के लिए नही आ रहे थे। अब एक बार फिर से श्रद्धालु मेडिकल के लिए पहुंच रहे हैं।

**श्रद्धालु इन बातों का ध्यान रखें**

यात्रा के दौरान मेडिकल सर्टिफिकेट, चार पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, आरएफआईडी कार्ड, ट्रैवल एप्लिकेशन फॉर्म अपने साथ रखें। फिजिकल फिटनेस के लिहाज से हर रोज चार से पांच किलोमीटर पैदल चलने की प्रैक्टिस करें। सांस वाला योग जैसे प्राणायाम और एक्सरसाइज करें। यात्रा में ऊनी कपड़े, रेनकोट, ट्रैकिंग स्टिक, पानी की बॉटल और जरूरी दवाओं का बैग अपने साथ रखें।

**ये है महत्वः** पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव सर्वप्रथम इस गुफा में श्रावण पूर्णिमा के दिन ही आए थे। इसलिए इस दिन पर इस गुफा के दर्शन का विशेष महत्व माना गया है। यही कारण है कि श्रावण पूर्णिमा यानी रक्षाबंधन के दिन ही गुफा में छड़ी मुबारक को शिवलिंग के पास स्थापित कर दिया जाता है। अमरनाथ गुफा में बनने वाले शिवलिंग को अमरेश्वर नाम से भी जाना जाता है। इस तीर्थ स्थल की यात्रा से व्यक्ति को 23 तीर्थों के दर्शन करने जितना पुण्य प्राप्त होता है। अमरनाथ के स्वयंभू शिवलिंग की ऊंचाई चंद्रमा के चरणों के आधार पर घटती और बढ़ती रहती हैं।




**मेडिकल के लिए अधिक संख्या में आ रहे श्रद्धालु : डा. भोला**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि अमरनाथ में बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए जिले के करीब दो हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मेडिकल प्रक्रिया को पूरा करवाया है। हालांकि पहलगाम हमले के बाद से मेडिकल के लिए लोग कम आ रहे थे। अब फिर से श्रद्धालुओं की संख्या मेडिकल को लेकर बढने लगी है। अब ज्यों-ज्यों यात्रा शुरू होने के दिन नजदीक आ रहे हैं त्यों-त्यों श्रद्धालु भी जल्द से जल्द मेडिकल प्रक्रिया पूरी करवाने के लिए पहुंच रहे हैं। यात्रा के लिए स्वास्थ्य प्रमाणपत्र आवश्यक किया गया है।

**अमरनाथ यात्रा के लिए ये दो रूट**

अस्पताल में मेडिकल करवाने आए राहुल ने बताया कि बाबा अमरनाथ के दर्शनों के लिए श्रद्धालु दो रूटों से जा सकते हैं। पहला रूट पहलगाम रूट है। इस रूट से गुफा तक पहुंचने में तीन दिन लगते हैं लेकिन ये रास्ता आसान है। पहलगाम से पहला पड़ाव चंदनवाड़ी है। यह बेस कैंप से 16 किमी दूर है। यहां से चढ़ाई शुरू होती है। तीन किलोमीटर चढ़ाई के बाद यात्रा पिस्सू टॉप पहुंचती है। यहां से पैदल चलते हुए शाम तक यात्रा शेषनाग पहुंचती है। यह सफर करीब 9 किमी का है। अगले दिन शेषनाग से यात्री पंचतरणी जाते हैं। ये शेषनाग से करीब 14 किलोमीटर दूर है। पंचतरणी से गुफा सिर्फ 6 किमी रह जाती है। दूसरा रूट बालटाल रूट है। अगर समय कम हो तो बाबा अमरनाथ दर्शन के लिए बालटाल रूट से जा सकते हैं। इसमें सिर्फ 14 किमी की चढ़ाई चढनी होती है लेकिन यह एकदम खड़ी चढ़ाई है। इसलिए बुजुर्गों को इस रास्ते पर दिक्कत होती है। इस रूट पर संकरे रास्ते और खतरनाक मोड़ हैं।

## प्रशासन अलर्ट : मरीज के संक्रमित होने की बात निकली झूठी

# कोविड-19 को लेकर अफवाह न फैलाएं लोगः स्वास्थ्य विभाग

*खांसी, जुकाम पीड़ितों पर विशेष नजर रख रहा विभाग*

अस्पताल में बनाए गए दस बैड के आइसोलेशन वार्ड में कोई भर्ती नही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

देश तथा प्रदेश में कोरोना के मरीज सामने आ रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट है। मंगलवार को सूचना आई कि सफीदों क्षेत्र की तरफ से कोई कोरोना संक्रमित जींद के लिए रेफर हुआ है। जिस पर नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने तुरंत संज्ञान लिया ओर कोरोना को लेकर बनाए गए नोडल अधिकारी डा. गौरव को जांच के आदेश दिए। डा. गौरव ने भी तुरंत प्रभाव अस्पताल के इमरजेंसी व प्राइवेट अस्पतालों से संपर्क कर स्थिति को जांचा। जिसमें कोई भी कोरोना संक्रमित मरीज रेफर होना नही पाया गया। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से आह्वान किया है कि कोरोना को लेकर किसी तरह की कोई अफवाह न फैलाएं। अस्पताल में हर संदिग्ध की विशेष तरीके से जांच की जा रही है। कोरोना के ओमिक्रोन वैरिएंट के सबवैरिएंट जेएन-1 को लेकर नागरिक अस्पताल जींद तथा उचाना में दस-दस बैड का आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। चिकित्सा अधिकारी डा. गौरव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। हालांकि अस्पताल में कोरोना के लक्षण वाले मरीजों के परीक्षण करने को लेकर आरटीपीसीआर किट उपलब्ध नही हुई है। जिसके चलते सैंपलिंग नही हो पा रही है। बावजूद इसके सर्दी, खांसी, जुखाम पीड़ितों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके अलावा कोरोना उपचार को लेकर दवाइयों का स्टॉक रखा है। कर्मियों की ड्यूटियां भी लगाई हैं। मरीजों को कोरोना के प्रति स्वासथ्यकर्मियों द्वारा जागरूक किया जा रहा है।




जींद। नागरिक अस्पताल में बनाया गया स्पेशल वार्ड।

**अफवाहों से बचें : डा. भोला**

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि कोरोना को लेकर आमजन अफवाहों से दूर रहे। जिन लोगों को जुखाम, गले में खराश, खांसी या सांस लेने में दिक्कत हो, उन्हें तुरंत प्रभाव से चिकित्सक से जांच करवानी चाहिए और मास्क पहनना चाहिए।

# किशोरों ने हत्या की पहले ही बना ली थी योजना, दोहरे हत्याकांड में हुआ खुलासा

- पुलिस अब तक ग्यारह नाबालिग आरोपितों को कर चुकी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

बरटा गांव में दोहरे हत्याकांड के मामले में एक नया खुलासा हुआ है। इसमें सामने आया है कि हत्यारोपी किशोरों ने प्रिंस व अरमान की हत्या की योजना पहले ही बना ली थी। ऐसे में इन आरोपियों ने अपनी ओर से तैयार किया तेजधार हथियार भी पहले छुपा लिए थे। इन आरोपियों ने दोनों किशोरों को हत्या के लिए परिणाम की खुशी में पार्टी करने के बहाने ड्रेन पर बुलाया था। इसके बाद वहां पर इन दोनों की हत्या कर दी। जांच में यह भी सामने आया कि जिन लड़कियों से छेड़छाड़ का आरोप किशोरों पर लगा था, उनके परिवार के दो किशोरों ने हत्या की योजना बनाई थी। आरोपी किशोर इतनी बड़ी वारदात को दो अकेले अंजाम नहीं दे सकते थे, इसलिए उन्होंने गांव के ही अपने सहपाठियों और दोस्तों को इसके लिए तैयार किया। बाद में 18 मई को वे अरमान और प्रिंस को बाइक पर ड्रेन पर ले गए। घटना से पहले कुछ किशोरों को ड्रेन पर भेजा गया था, जबकि कुछ को मौके पर आने के लिए कहा गया था। जैसे ही दो किशोर उनके साथ नाले पर पहुंचे, सभी ने उनकी पिटाई कर दी और बाद में बाइक की चेन सेट और अन्य हथियारों से उन पर हमला कर दिया। आरोपी उसे तब तक पीटते रहे, जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। जब उसकी मौत हो गई, तो सभी मौके से भाग गए। वे सुबह स्कूल भी गए, लेकिन उनके चेहरे पर घटना को लेकर किसी तरह का पश्चाताप नहीं दिखा।

**बाल सुधार गृह भेजा**

एसपी आस्था मोदी ने बताया कि प्राथमिक जांच में पुलिस ने गांव के नौ किशोर आरोपियों के खिलाफ सदर थाना में केस दर्ज किया था, लेकिन बाद में पुलिस मामले को लेकर कड़ी से कड़ी जोड़ती गई और अब तक 11 आरोपियों को पकड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पुलिस 11 किशोरों को पकड़ चुकी है। सभी को बाल सुधार गृह भेजा जा चुका है।

# मंदिर में युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

**जींद।** सिंघाना के हनुमान मंदिर में युवक का शव मिलने से हडकंप मच गया। मृतक के शरीर पर कोई चोट का निशान नही था। परिजनों ने युवक की मौत पर संदेह जताया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। बिसरे को जांच के लिए लैबारेट्री भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी। गांव सिंघाना निवासी आकाश उर्फ कांशा (23) का शव बीती देर शाम मुआना रोड पर बने हनुमान मंदिर के कमरे में पड़ा देखा गया। घटना की सूचना पाकर सदर थाना सफीदों पुलिस मौके पर पहुंची थी।

### मायके वालों के साथ मिल पति पर हमला

जींद। जुलाना में पत्नी ने अपने मायके वालों के साथ मिल पति पर हमला कर घायल कर दिया। आरोप है कि हमलावर एक लाख चार हजार रुपये भी अपने साथ ले गए। जुलाना थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी धर्मेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने ट्रक को खड़ा कर घर गया था। उस दौरान उसकी पत्नी रितू, साला बबलू, ससुर कर्मबीर मौजूद थे। आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की।



राजौंद। वार्ड नंबर एक में टूटी हुई पुलिया दिखाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### पूंडरी मार्ग पर नाले की टूटी पुलिया से लोग परेशान

**राजौंद।** शहर के पुंडरी मार्ग पर वार्ड नंबर एक में नाले की टूटी हुई पुलिया से लोग परेशान हो रहे हैं विभाग को अवगत कराने के बावजूद भी पुलिया नहीं बनाई जा रही। इस बारे वार्ड निवासी कैप्टन मोहिंद्र फौजी, सतबीर राणा, कुशाल,भोलू, संदीप कालू, रोहित, दीपक ने बताया कि यहां टूटी हुई पुलिया के कारण कोई भी वाहन नहीं गुजर सकता जबकि यह रास्ता नगर के कैथल रोड को भी जोड़ता है और पूरे वार्ड में भी इसी रास्ते से आना जाना लोगों का लगा रहता है। लेकिन पिछले लंबे समय से पुलिया टूटी हुई है और संबंधित विभाग कहने के बावजूद भी इस पर कार्य नहीं कर रहा। लोगों ने बताया कि स्कूल की बस भी वार्ड के अंदर नहीं जा सकती जो सड़क पर रूकती हैं और ऐसे में छोटे बच्चों को मेन रोड तक लेकर आना दुर्घटना होने का भय बना रहता है।

### विकास एवं पंचायत मंत्री से मिले विधायक सतपाल

**पूंडरी।** विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल जांबा ने सोमवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा सचिवालय में राज्य के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विकास कार्यों और योजनाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। विधायक सतपाल जांबा ने बताया कि बैठक के दौरान उन्होंने मंत्री जी से क्षेत्र में सड़कों के सुधार, पंचायत भवनों के निर्माण, खेल सुविधाओं के विस्तार, जल आपूर्ति व्यवस्था और नालियों की मरम्मत जैसे बुनियादी ढांचे से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पूंडरी क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोडना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। राज्यमंत्री कृष्ण लाल पंवार ने विधायक जांबा को आश्वासन देते कहा कि सरकार हर विधानसभा क्षेत्र के संतुलित और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली की साइड लगने से मोपेड सवार महिला की मौत, पति घायल

- अमावस्या पर पांडू पिंडारा जा रहे थे मोपेड सवार दंपती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव हैबतपुर के निकट बाईपास फ्लाईओवर के निकट तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की साइड लगने से मोपेड सवार महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पति घायल हो गया। सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव नगूरां निवासी चंद्रभान (65) उसकी पत्नी अंगूरी (62) मंगलवार सुबह मोपेड पर सवार होकर गांव पांडू पिडारा अमावस्या पर स्नान करने जा रहे थे। जब वे बाइपास पर गांव हैबतपुर के फ्लाईओवर पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे तेजरफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की साइड मोपेड को जा लगी। जिसमें दोनों मोपेड समेत नीचे गिर कर घायल हो गए। घटना को अजांम देकर चालक ट्रैक्टर समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने दोनों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने अंगूरी का मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि जिस समय हादसा हुआ उस दौरान रोडवेज बस मोपेड को क्रॉस कर चुकी थी। बस के पीछे ट्रैक्टर ट्राली आ रही थी। घटना की सूचना पाकर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने मृतका के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। फरार ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



जींद। घटनास्थल पर मौजूद लोग। *फोटो :हरिभूमि*

## दोबारा उपयोग करने पर सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

# नपा ने पॉलीथिन बेचने वालों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत नगर पालिका प्रशासन ने सडकों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के बीच अब पालीथिन के बढ़ते उपयोग और इससे पर्यावरण पर पड़ रहे गंभीर प्रभावों को देखते सख्त रुख अपनाया है। इसके तहत मंगलवार को नगर पालिका सचिव पवन शर्मा के निर्देश पर विशेष अभियान की शुरूआत की गई। इसके माध्यम से सफाई सुपरवाइजर सोमप्रकाश शर्मा ने टीम के साथ अलग-अलग स्थानों पर दुकानदारों के पालीथिन का उपयोग करने पर चालान काटते हुए जुर्माना लगाया। सुपरवाइजर ने बताया कि पालीथिन का इस्तेमाल किसी भी सूरत में नहीं होने दिया जाएगा। अभियान के पहले ही दिन नगर पालिका की टीम ने बाजारों में औचक निरीक्षण किया। कई दुकानदारों को पालीथिन बैग का इस्तेमाल करते पकड़ा। नियमों का उल्लंघन करने पर कई दुकानदारों के मौके पर ही चालान काटे गए। कुल चार दुकानदारों के चालान काटे गए। प्रत्येक को 500 रुपए जुर्माना भुगतना पड़ा। नगर पालिका के अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी है कि अगर दोबारा पालीथिन का उपयोग करते पकड़े गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिसमें दुकान सील करने तक का प्रावधान है। साथ ही लोगों को जागरूक किया गया।



**अभियान जारी रहेगा**

दुकानदारों से पर्यावरण के हित में कपड़े या जूट के थैलों का इस्तेमाल करने की अपील की गई। नगर पालिका सचिव पवन शर्मा ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा। रोजाना अलग-अलग क्षेत्रों में निरीक्षण किया जाएगा। प्रशासन का उद्देश्य न केवल पालीथिन पर रोक लगाना है बल्कि नागरिकों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी पैदा करना है।

# जुलानाः अवैध निर्माण पर चलाया पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे में अवैध निर्माण पर प्रशासन द्वारा पीला पंजा चलाया गया। मंगलवार को जिला नगर नियोजन अधिकारी अंजू जून भारी पुलिस बल और जेसीबी लेकर जुलाना के अवैध निर्माण को गिराने के लिए पहुंची।

जुलाना की तहसीलदार शालिनी लाठर को ड्युटी मजिस्ट्रैट बनाया गया था। प्रशासन ने जींद-रोहतक मार्ग पर संकट मोचन पेट्रोल पंप के सामने निर्माण के लिए भरी गई नींव को उखाड़ दिया। उसके बाद प्रशासन अमले के साथ ब्राह्मणवास गांव के पास बने रॉयल गार्डन में पहुंचा और कुछ ही घंटों में रॉयल गार्डन को गिरा दिया। जुलाना के ब्राह्मणवास गांव के पास लगभग दो साल पहले करोड़ों रूपये की लागत से रॉयल गार्डन बनाया गया था। निर्माण के दौरान सीएलयू नही ली गई तो जिला नगर नियोजन विभाग द्वारा कई बार नोटिस भी दिया गया। इसके बावजूद निर्माण कार्य किया गया तो मंगलवार को जिला नगर नियोजन अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और दो घंटे में करोड़ो रूपये की लागत से बने रॉयल गार्डन को गिरा दिया।

## खबर संक्षेप

### ट्रेनिंग कैंप के पहले दिन सीखे योग के गुर

**जींद।** तीन दिवसीय योगा ट्रेनिंग कैंप के दूसरे दिन योग क्रियाओं के करने से फायदों के बारे में बताया गया। किस योग के करने से क्या-क्या लाभ शरीर को होते है उसको लेकर जानकारी दी गई। शिक्षा विभाग एवं आयुष विभाग के तत्वावधान मे राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल उचाना मंडी में योगा ट्रेनिंग कैंप चल रहा है। आयुष विभाग के डा. कृष्ण श्योकंद बताया कि योग करने से बीमारियों से शरीद दूर रहता है। योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। तनाव मुक्त रहने के लिए योग सबसे अचूक दवा है।

### झगड़े में तीन घायल छह के खिलाफ केस

**जींद।** गांव हरिगढ में रंजिशन हमला कर तीन लोगों को घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव हरिगढ़ निवासी प्रमोद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी सुभाष परिवार से रंजिश चली आ रही है। वह शाम को खेत से घर लौट रहा था। रास्ते में सुभाष परिवार ने उसे घेर लिया और हमला कर दिया। झगड़े की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे उसके भाई खुशीराम तथा बेटे रोहित को भी काफी चोटें आई है।

### 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म, मामला दर्ज

**जींद।** जुलाना थाना इलाका गांव में 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। जुलाना थाना पुलिस ने पीड़िता के बेटे की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज किया है। जुलाना थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 85 वर्षीय बुजुर्ग मां मकान के अगले हिस्से मे बने कमरे में लेटी थी। जो मंदबुद्धी भी है। गांव का खजान सिंह कमरे में घुस आया। घटना का तब पता चला जब चिल्लाने की आवाज सुन कर उसकी पुत्रवधु कमरे में पहुंची।

### विश्व शांति गायत्री यज्ञ व भंडारे का आयोजन आज

**जींद।** ब्रह्मलीन स्वामी सीता राम महाराज की 44वीं पुण्यतिथि श्री सत्यनारायण आश्रम किठाना में श्रद्धापूर्वक मनाई जा रही है। यह जानकारी देते हुए रामनिवास गोयल ने बताया कि 22 मई से लगातार कलश यात्रा, देव पूजन, हवन, यज्ञ व संकीर्तन के कार्यक्रम चल रहे है। इस पुण्यतिथि का 28 मई को समापन होगा। इस दिन 28 मई को सुबह गुरु वंदना होगी और उसके बाद विश्व शांति गायत्री यज्ञ का आयोजन होगा। उसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

### जलनिकासी न होने से वाहन चालक परेशान

**जींद।** गांव बड़ौदा में सर्विस रोड वाहन चालकों, ग्रामीणों के लिए आफ्त बन रहे है। बारिश के बाद सर्विस रोड पर भरे पानी के चलते वाहन चालकों, ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां पर कई-कई दिनों तक जलभराव होने से सड़क टूट जाती है। बारिश के दौरान हर बार जलभराव सर्विस रोड पर होता है। ग्रामीणोंए वाहन चालकों ने पानी निकासी का सर्विस रोड पर पुख्ता प्रबंध करने की मांग की। वाहन चालकों ने बताया कि बारिश के बाद रोड पर पानी की निकासी नहीं होने से पानी भर जाता है।

### संयुक्त किसान मोर्चे का धरना जारी

**नरवाना।** तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आज भी 1135 वें दिन भी जारी रहा जिस की अध्यक्षता महेन्द्र सिंह ने की मंच सांझा करते मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने कहा साथियों मौजूदा सरकार का चाल चरित्र और चेहरा आप के सामने हैं निहाल सिंह, बलजिंद्र, फतेह सिंह सुरजन,मांगेराम एसतबीर सिंह सुरेश बलदेव सिंह आदि मौजूद थे।

## इंडस स्कूल में समर बीट्स उत्सव का भव्य आयोजन

# आधुनिक शिक्षा प्रणाली में गतिविधियां अहमः राजेश

### कक्षा चतुर्थी के विद्यार्थियों ने दी रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*


**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते गणमान्य लोग। *फोटो :हरिभूमि*

इंडस पब्लिक स्कूल जींद के प्रांगण में चौथी कक्षा के बच्चों द्वारा समर बीट्स उत्सव के तहत अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सरस्वती आई केयर के चेयरमैन डा. राजेश गर्ग ने मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत की। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण, स्कूल निदेशिका रचना श्योराण, स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा, इंडस ग्रुप के संयोजक प्रवीन परूथी, आईसीआई के निदेशक संजीव तायल, उपप्राचार्य प्रवीन कुमार, मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि राजेश गर्ग ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस कार्यक्रम में चौथी कक्षा के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसमें चौथी कक्षा के बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी विषेश रूप से आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में अनेकता में एकता को स्वागत नृत्य, पारिवारिक स्नेह नृत्य प्रस्तुति, मातृ नृत्य, प्राचीन नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, हरियाणवी नृत्य, समर थीम नृत्य, जोगिया नृत्य, मोटिवेशनल नृत्य, बॉलीवुड धमाका, ऑपरेशन सिंदूर आदि को दर्शाया है। जिसमें ऑपरेशन सिंदूर मुख्य आकर्शण का केंद्र रहा। पारिवारिक स्नेह नृत्य और मातृ नृत्य आदि प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि राजेश गर्ग ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते कहा कि आधुनिक शिक्षा प्रणाली में गतिविधियों की अहम भूमिका होती है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के अंदर मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञान एवं आत्मविश्वास में भी वृद्धि करती हैं। उन्होंने बच्चों के चहुंमुखी विकास पर प्रकाश डालते कहा कि बच्चों को प्रत्येक गतिविधि में भाग लते अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करना चाहिए और जीवन में अनुशासन का पालन करते अपने लक्ष्य पथ पर अग्रसर होना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों को जागरूक करते कहा कि अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रख कर बाहर खेलने के लिए भेजे ताकि उनका षारीरिक रूप से सही विकास हो सके। इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने बच्चों तथा अध्यापकों को प्रोत्साहित करते कहा कि जिंदगी अवसरों का खेल है, जो व्यक्ति साहस के साथ अवसरों का लाभ उठा कर आगे बढ़ता है, वही सफलता की बुलंदियों को छूता है। इस साहस और आत्मविश्वास को विकसित करने के लिए एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं अनुशासन की आवश्यकता है। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने आए अभिभावकों का धन्यवाद किया और कहा कि इंडस पब्लिक स्कूल जींद नित नए आयामों को छूता हुआ हर प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में छिपी प्रतिभा को निखारता है।

# सहायक सचिव को सौंपा ज्ञापन

- मजदूरों को मिलने वाले लाभ शीघ्र दिलाए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** सहायक सचिव को मांगों के लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा का प्रतिनिधिमंडल सहायक सचिव अजमेर देशवाल से मिला और जानबूझ कर मजदूरों के लाभ मे अड़चन पैदा करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग। प्रतिनिधि मंडल में राज्यध्यक्ष मनोज सोनी, राज्य महासचिव सुखबीर सिंह, राज्य उपाध्यक्ष राममेहर सिंह, राज्य कोषाध्यक्ष संदीप जाजवान, पवन कुमार शामिल रहे। यूनियन के प्रतिनिधि मंडल को निर्माण मजदूरों कारीगरों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रदेश में सत्तासीन हुई भाजपा सरकार ने एक और तो बोर्ड के पंजीकरण और सुविधा लाभों को वर्ष 2018 में ऑनलाइन करके मजदूरों का उत्पीडन्न शुरू कर दिया। दूसरी ओर सुविधा हासिल करने के नाम पर बीते सात वर्षों में मजदूरों से फर्जीवाड़े करने वाले गिरोह ने भारी अवैध वसूली की है। यूनियन द्वारा सरकार प्रशासन को शिकायत करने के बावजूद भी इस फर्जीवाड़े और मजदूरों को लूटने वाले गिरोह पर कार्रवाई न करके अप्रत्यक्ष रूप से उक्त गिरोह का सहयोग ही सरकार करती रही है।


**नरवाना।** शिविर में भाग लेते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### एनीमिया जांच शिविर लगाया

**नरवाना।** भारत विकास परिषद केशव शाखा द्वारा गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल नजदीक बाबा गैबी साहब मंदिर में एक एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस एनीमिया जांच शिविर मैं डॉप शोभा जांगड़ा के दिशा निर्देश में स्ज सुनील व स्ज राम दिया ने अपनी विशेष सेवाएं प्रदान की व लगभग 94 छात्राओं का एनीमिया टेस्ट किया। परिषद के संरक्षक सतीश सेतिया व अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने बताया कि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी असंयमित व असामयिक खान पान व पढ़ाई के स्ट्रेस के चलते विशेषकर लड़कियां जिन पर घर की जिम्मेदारी भी होती है अक्सर उनके खून में हीमोग्लोबिन का स्तर कम पाया जाता है जो उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।परिषद परिवार की महिलाओं के द्वारा तरह तरह की एक्टिविटी बच्चों को सिखाई जाएगी।

### उचाना नागरिक अस्पताल में बनेगा आपरेशन थिएटर

**जींद।** कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग सर्तक हो गया है। नागरिक अस्पताल उचाना में कोरोना के बढ़ रहे देशभर में केसों को देखते हुए 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। वार्ड में ऑक्सीजन, कोरोना संबंधित सभी उपकरण व जरूरत के अनुसार सभी दवाइयां उपलब्ध करवा दी गई है। कोरोना टेस्ट से संबंधित आरटीपीसीआर लैब डायरेक्टर के आदेशानुसार जींद के सिविल अस्पताल में बनाई गई है। जो सैंपल उचाना अस्पताल में लिए जाएंगे वो सैंपल के लिए जींद भेजे जाएंगे। डा. सुशील गर्ग ने बताया कि उचाना नागरिक अस्पताल में पहले आप्रेशन थियेटर नही है। लंबे समय से मरीजों द्वारा इसकी मांग भी की जा रही थी। सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार नागरिक अस्पताल को फस्ट रेफरल यूनिट बनाने का सुझाव प्राप्त हुआ है। अस्पताल में ऑप्रेशन थिएटर बनाया जाएगा।

# कृषि वैज्ञानिक गांव-गांव जाकर करेंगे तकनीकों का प्रचार-प्रसार

- 29 मई से 12 जून तक 135 गांवों के तीस हजार किसानों से होगा संवाद

हभिूमि न्यूज ▶▶| जींद

विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों उन्नत बीज, उर्वरक और सिंचाई प्रणालियों से अवगत करवाया जाएगा। इसका उद्देश्य किसानों की उत्पादकता व आय बढ़ाना और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना है। डा. राम करण ने बताया कि इस अभियान के तहत 29 मई से 12 जून तक जिलेभर में छह ब्लॉकों के 135 गांवों से लगभग 30 हजार से अधिक किसानो से संवाद किया जाएगा। प्रत्येक टीम प्रतिदिन तीन गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन करेगी। प्रत्येक टीम में एक-दो विषय विशेषज्ञ, राज्यस्तरीय विभाग और कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन के अधिकारी तथा नवोन्मेषी किसान शामिल होंगे।

अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक गांव-गांव जाकर किसानों से चर्चा करेंगे। वह मौजूदा फसलो के लिए उपयुक्त तकनीक, मिट्टी की जांच एवं सुधार, संतुलित उर्वरक का प्रयोग, समय पर बुआई, फसल संरक्षण और नई किस्मो के बारे में जानकारी देंगे। किसानों से फीडबैक लेकर समस्या समझेंगे ताकि अनुसंधान एवं विकास की दिशा तय की जा सके। चर्चा का केंद्र उन्नत तकनीकों, सरकारी योजनाओं और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा रहेगा। विकसित भारत के लिए विकसित खेती व किसानों को समृद्ध करने हेतु महत्वपूर्ण कदम रखेगा। आगामी खरीफ फसलों से संबंधित आधुनिक तकनीको के बारे में किसानों का जागरूक करेंगे।

# भारत नगर कॉलोनीवासियों का फूटा गुस्सा

## बरसात के कारण गलियों में कीचड़ ही कीचड़ से नरकीय हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** भारत नगर में उजड़ी हुई गली के हालात दिखाते हुए स्थानीय लोग।

पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा पेयजल लाइन बिछाने के बाद जो गलियां उजड़ी-उजड़ी नजर आ रही हैं, उसके चलते भारत नगर के लोगों ने रोष जताया। गली नंबर एक के लोगों ने पब्लिक हेल्थ विभाग को खरीखोटी सुनाते हुए कहा कि पब्लिक हेल्थ विभाग ने पेयजल लाइन तो बिछा दीए किंतु वह उसको दुरूस्त नहीं कर रहा है।

करीब 10 दिन पहले ठेकेदार के मजदूर गली में आए और जहां लाइन बिछी थी उसपर से एक-एक फट मिट्टी उठा दी। ठेकेदार के मजदूरों ने कहा कि वे अगले दिन इसको पक्का कर देंगे। किंतु पिछले 10 दिनों से ठेकेदार और उसका काई भी मजदूर गली को ठीक करने नहीं पहुंचा। भारत नगर में जहां-जहां कंकरीट की गलियां बनी हुई थी, सभी जगह यही हालात है। पिछले दिनों हुई बारिश का पानी इन लाइनों में भर गया। घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। खासकर बुजुर्ग और बच्चे तो घरों में कैद होकर रह गए है। जिन घरों में चार पहियां वाहन है वे पिछले दो महीनों से ज्यों के त्यों खड़े है। जब ये लाइने बिछाई जा रही थी तो कहा जा रहा था कि साथ-साथ में गली को पक्का कर दिया जाएगा। आने वाले दिनों में जब जींद में मुख्यमंत्री नायब सैनी का आगमन होगा तो उनको नारकीय बनी व्यवस्था के हालात दिखाए जाएंगे। पब्लिक हेल्थ के कार्यकारी अभियंता भानू प्रताप ने कहा कि वे इस मामले में जेई की ड्यूटी लगाएंगे। जिन-जिन गलियों को दुरूस्त नहीं किया गया है उनको ठीक करवा दिया जाएगा। पब्लिक हैल्थ विभाग इस मामले में पूरा गंभीर है।


**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। *फोटो :हरिभूमि*

### जल संरक्षण में बच्चों की भूमिका अहम

**जींद।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नरवाना व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलोढा खूर्द में जल संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि की भूमिका कनिष्ठ अभियंता मंजीत काला ने निभाई। इस मौके पर कनिष्ठ अभियंता मंजीत काला ने बताया की जल संरक्षण क्यों जरूरी है और जल संरक्षण कैसे करें। जल संरक्षण में बच्चों की भूमिका अहम है। विभाग जल जीवन मिशन में लगातार कार्य कर रहा है।इसके तहत पाइप लाईन लगाने का कार्य हो, वाटर वर्क्स में रिपेयर का काम हो या फिर स्टोरेज टैंक बनाने के कार्य को तीव्रता से किया जा रहा है। हर घर तक जल पहुंचाने में सबसे अहम रोल ग्रामीणों का है। जल शक्ति अभियान के तहत वर्षा जल संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गरिमा ने जीता सिल्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** सिल्वर मेडल विजेता गरिमा को सम्मानित करते हुए अतुल चौहान।

यूथ वुमेन एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन कोलंबो (श्रीलंका) में किया गया। जिसमें जींद की बेटी गरिमा सहरावत ने सिल्वर मेडल जीत कर पूरे देश का नाम रोशन किया। मेडल जीत कर जींद पहुंचने पर गरिमा सहरावत का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर जयति-जयति हिंदू महान संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अतुल चौहान ने गरिमा सहरावत का फूलमालाओं से स्वागत किया तथा बॉक्सिंग कोच आशीष अहलावत व उनके माता-पिता को बधाई दी। अतुल चौहान ने बताया कि गरिमा सहरावत ने 10 मई से 24 मई तक कोलंबो में चली 63 किलोग्राम भार वर्ग की यूथ वुमेन एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल हासिल किया। जोकि पूरे देश व प्रदेश के लिए गर्व की बात है। गरिमा एक मध्यम परिवार से आती है और वो निरंतर अपने कोच व माता-पिता के अथक प्रयासों से इस मुकाम तक पहुंची है जोकि काबिलेतारिफ है। कोच आशीष अहलावत ने बताया कि गरिमा सहरावत ने एक दिन भी प्रैक्टिस को मिस नही किया व निरंतर अपनी मेहनत करती थी। प्रतिदिन उसके पिता गरिमा को सफीदों से छोड़ कर जाते व लेने आते थे। गरिमा के पिता ने अपनी बेटी को इस मुकाम तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। गरिमा अपनी मेहनत के दम पर ओलम्पिक में गोल्ड मेडल लाकर पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन करेगी।

### डीएवी कॉलेज में सेमिनार का किया आयोजन

**पूंडरी।** डीएवी कॉलेज पूण्डरी में वाणिज्य विषय में रोजगार के अवसर पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य वक्ता पूर्व डीन कार्मस तथा मैनजमेंट कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी प्रो. भाग सिंह बोदला रहें। इस अवसर पर कॉलेज के कामर्स विषय के विद्यार्थी तथा पूण्डरी शहर व आस-पास के लगभग 15 सरकारी तथा गैर-सरकारी सीनीयर सकैण्डरी स्कूलों के 12 वी पास कक्षा के विद्यार्थियों तथा स्कूल के स्टाफ ने भाग लिया। प्रो. भाग सिंह बोदला ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि वाणिज्य विभाग में 70 से अधिक विषयों पर विभिन्न रोजगारोन्मुख कोर्सिस को चुना जा सकता है। उन्होंने बताया कि आजकल का जो ट्रेंड है उनमें प्रमुख रूप से कार्मस विषय है। उन्होने कहा कि सरकार भी युवाओं को संदेश दे रही है कि युवा अपने आप को किसी भी स्किल में सक्षम बनाये व सफल उद्धययमी बनकर लोगो को रोजगार प्रदान करे।

### मांगों को जल्द पूरा करे सरकार : रंगा

**जींद।** हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान जगदीप लाठर और राज्य उप प्रधान संदीप रंगा ने कहा कि रोडवेज कर्मचारियों की काफी मांगे हैं, जो लंबे समय से लंबित पड़ी हुई है। सांझा मोर्चा की कई बार उच्च अधिकारियों और मंत्री से बात भी हुई। परंतु हर बार कहा कुछ और जाता है और किया कुछ और जाता है। बात चाहे कर्मचारियों के अर्जित अवकाश की हो या चालक परिचालक के पे ग्रेड की हो, रात्रि ठहराव भत्ते की हो या वर्कशॉप में पक्की भर्ती की हो या मेडिकल कैशलैस की हो। उनकी मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ऐसा ही 2016 के चालकों के साथ हुआ है। वह लगभग दस साल से विभाग में ईमानदारी से ड्यूटी करते आ रहे हैं। परंतु सरकार ने अभी तक उनको पक्का नहीं किया।

## जगह-जगह लगाए भंडारे, मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन

# श्रद्धालुओं ने न्याय के देवता शनिदेव की पूजा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** शनिदेव मंदिर जुलाना में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालुगण। *फोटो :हरिभूमि*

जिलाभर में मंगलवार को शनि जयंति श्रद्धा के साथ मनाई गई। श्रद्धालुओं ने की न्याय के देवता की पूजा की। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ माह की अमावस्या पर भगवान शनिदेव का जन्म हुआ था। भगवान शनि देव न्याय के देवता हैं जो हमारे कर्मफलों का फल देते हैं। इसलिए प्रति वर्ष ज्येष्ठ माह की अमावस्या पर श्रद्धालु न्याय के देवता कहने जाने वाले शनिदेव की जयंती मनाते हैं। जयंति देवी मंदिर, शनि देव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की और उनके मंत्रों का जाप किया। ऐसा करने से शनि के अशुभ प्रभाव में कमी आती है और सभी कष्ट दूर होते हैं। वहीं महिलाएं भी इस दिन पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्रि व्रत भी रखती हैं। इसलिए उत्तर भारत में ज्येष्ठ अमावस्या को पुण्य फलदायी और बहुत पवित्र माना गया है। वहीं उचाना में भी शनि जयंती मनाई गई। उचाना कलां के अंडरपास से पहले शनि देवी मंदिर में मनोकामना पूर्ति के लिए शनिदेव की पूजा-अर्चना की। जुलानाके जींद-रोहतक मार्ग पर ब्राह्मणवास गांव के पास स्थित शनिदेव मंदिर में शनिदेव जन्मोत्सव पर भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी साधुराम ने बताया कि हर वर्ष की तरह अबकि बार भी शनिदेव मंदिर में शनिदेव जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। रात्रि के समय जागरण किया गया और सुबह हवन किया गया। उसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शनिदेव महाराज के जन्मोत्सव पर पूजा अर्चना करने से घर में शांति आती है और परम आनंद का अनुभव होता है। इंसान की हर जगह जीत मिलती है।

### सर्वसुख के लिए किया हवन

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि मंगलवार को शनि जयंति पर श्रद्धालुओं ने भगवान शनि देव की पूजा की। इसके बाद सर्वसुख की स्मृद्धि व शांति के लिए मंदिर परिसर में यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने आहूति डाली। इसके बाद मां जयंति की आरती की गई। बाद में भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद चखा। भगवान शनि देव न्याय के देवता हैं।


**जींद।** बैठक को संबोधित करते वक्ता। *फोटो :हरिभूमि*

### जाट आरक्षण संघर्ष समिति की बैठक

**जींद।** गांव हैबतपुर ग्राम सचिवालय में मंगलवार को अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति तथा जाट सेवा संघ की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि आरक्षण जाट कौम का अधिकार है। जाट समाज को ओबीसी में आरक्षण दिया जाना चाहिए। बैठक में आह्वान किया गया कि चौधरी छोटूराम धाम में समाज का हर व्यक्ति योगदान दे। बैठक की अध्यक्षता जाट आरक्षण संर्घष समिति के जिलाध्यक्ष कैप्टन रामकरण दलाल ने की। मुख्य वक्ता के तौर समिति के राष्ट्रिय अध्यक्ष प्रताप सिंह दहिया तथा गंगाराम श्योराण शामिल हुए। इस मौके पर ओमप्रकाश कंडेला, रिषीपाल हैबतपुर, बलवान छापडा, रमेश दालमवाला, दीपक रूपगढ़, दलेल सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। प्रताप दहिया ने कहा कि जाट कौम को आरक्षण का अधिकार है।

## खबर संक्षेप

### कृत्रिम अंग वितरण समारोह तीन को

**कैथल।** जिला रैडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामजी लाल ने बताया कि एक जनवरी 2025 से छह जनवरी 2025 तक जिला कैथल के निःशक्त व्यक्तियों की सहायतार्थ सहायक उपकरण एवं आधुनिक कृत्रिम अंग निःशुल्क उपलब्ध करवाने के लिए एल्मिको द्वारा माप लिए गए थे। डीसी प्रीति 3 जून को जिला रैडक्रॉस कार्यालय में पात्र 289 निःशक्त व्यक्तियों को सहायक उपकरण एवं आधुनिक कृत्रिम अंग प्रदान करेंगी।

### सम्पूर्ण स्वच्छता पर किया कार्यक्रम

**कैथल।** स्कूल चलो कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत देवबन व चंदाना के सरकारी स्कूलों में सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल, उप-प्रधान सोनिया, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के ब्रांड एम्बेस्डर कर्मबीर फौजी व वार्ड नंबर सात के कार्यक्रम अध्यक्ष कमलेश शर्मा व वार्ड नंबर आठ के पार्षद देवेन्द्र पुजारी ने कार्यक्रम में शिरकत की।

### गर्मी में अमृत के समान है मटके का पानी

**पूंडरी।** गर्मी के मौसम में ज्यादातर लोगों द्वारा फ्रिज का ठंडा पानी पीने के लिए उपयोग किया जाता है, जबकि ज्यादा ठंडा पानी कई बीमारियों को निमंत्रण देता है, ऐसे में प्यास बुझाने के लिए मटके का ठंडा पानी पीना चाहिए। मटके का पानी ठंडा होने के साथ-साथ यह प्यास भी बुझाता है और कई तरह की बीमारियों को भी दूर करता है।

### अब शिक्षा के साथ-साथ रोजगार कार्यक्रम भी

**राजौंद।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद में 12 वीं पास कर चुकी छात्राओं व 12 वीं में पढ़ रही छात्राओं को दी गईं कैरियर काउंसलिंग। मंगलवार को हेल्थ स्किल्स इंस्टीट्यूट सफीदों से इंस्टीट्यूट के चेयरमैन सी.पी. कवात्रा,साहिल व मीना करियर काउंसलिंग देने के लिए पहुंचे।

### अभिमुखीकरण कार्यक्रम का किया आयोजन

**कैथल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायधीश सुभाष मैहला के आदेशानुसार मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल द्वारा साथी अभियान के तहत अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) के सभागार में किया गया।

### प्रिंसिपल श्याम लाल शर्मा को दी विदाई पार्टी

**ढांड।** राजकीय उच्च विद्यालय चंदलाना में प्रिंसिपल श्यामपाल शर्मा की 31 मई को होने वाली सेवानिवृति के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रिंसिपल श्यामपाल शर्मा के परिजन व सरपंच अजय कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन कार्यवाहक मुख्याध्यापक योगिता पांचाल ने किया। सर्व प्रथम स्टाफ सदस्यों द्वारा श्यामपाल शर्मा को सम्मान का प्रतीक पगड़ी पहनाई गई।

## पार्षद कुमारी रेणू धानियां के साथ अफसरों की बैठक

# कलायत के वार्ड एक में दो करोड़ से होंगे विकास कार्य, तैयारी शुरू

पहले चरण में इसके लिए 35 लाख रुपये का टेंडर लगाने की तैयारी में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

कलायत नगर पालिका के वार्ड एक में जल्द श्री रैदास तख्त परिसर के आंगन में बहुमंजिला भवन में डिजिटल लाइब्रेरी विकसित होगी। पहले चरण में इसके लिए 35 लाख रुपए का टेंडर लगाने की प्रक्रिया को पूरा करने की कार्यवाही में नगर पालिका प्रशासन लगा है। इसके साथ ही वार्ड में एक करोड़ के बजट से सामुदायिक भवन, फकीर पीर कालोनी, रेलवे रोड, सजूमा रोड, अनाज मंडी, सीता नगर व वार्ड के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों में कच्ची गलियों को पक्का करने-टूटी गलियों की रिपेयर सहित अन्य विकास कार्य जल्द शुरू होंगे। विकास योजनाओं को गति देने के लिए पालिका अभियंता राजेश प्रजापति द्वारा तय कार्ययोजना अनुसार कनिष्ठ अभियंता संजीव धीमान, वर्क सुपरवाइजर अमित राणा व अन्य अधिकारियों ने वार्ड पार्षद कुमारी रेणू धानियां के साथ दौरा किया। रेणू धानियां ने बताया कि पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने अनुसूचित वर्ग के वार्डों के विकास के लिए प्रारूप सीएम के समक्ष रखा था। करीब पांच करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात सीएम नायब सिंह सैनी ने अनुसूचित वर्ग के वार्डों को दी। इसके तहत वार्ड एक में दो करोड़ से अधिक के विकास कार्य धरातल पर शुरू होंगे। इनकी टेंडर प्रक्रिया और संबंधित औपचारिकताओं को पूरा करने का कार्य अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीएम नायब सिंह सैनी विकास योजनाओं को गति देने के निर्देश नगर पालिका अधिकारियों को दिए हैं। इसको लेकर अधिकारी गतिशीलता से होमवर्क निपटाने में लगे हैं।



**कलायत।** वार्ड एक में नगर पालिका अधिकारियों व वार्ड वासियों के साथ विकास की रूप रेखा को लेकर चर्चा करती पार्षद कुमारी रेणू धानियां। *फोटो : हरिभूमि*

### विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार

नगर पालिका अधिकारियों के साथ प्रस्तावित स्थल का दौरा किया और विकास कार्यों की रूपरेखा तय की। यह पुस्तकालय न केवल वार्ड 1 बल्कि पूरे कलायत नगर के विद्यार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। पुस्तकालय में आधुनिक सुविधाएं, वाचनालय कक्ष, इंटरनेट की सुविधा और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष अनुभाग शामिल होंगे।

# बार रूम में लगाया शुगर जांच कैंप

- कैंप की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा ने की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत



**कलायत।** कैंप में टैस्ट करवाते हुए एडवोकेट सचिन सिंघल। *फोटो : हरिभूमि*

शमेश अल्ट्रासाऊंड एंड डायग्नोस्टिक सेंटर की ओर से डा. पुष्पेन्द्र सिंह के नेतृत्व में बार रूम में ब्लड शुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैंप की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा ने की। उनके साथ संगठन के सचिव सचिन सिंघल, उप प्रधान हेमराज वाधवा, मीडिया कोर्डिनेटर प्रदीप हरित, सह सचिव अमित रोहिल्ला और कोषाध्यक्ष दिनेश भाटिया भी कैंप में मौजूद रहे। बार एसोसिएशन के रिलेशनशिप मैनेजर विकास पंवार ने बताया कि लैब टेक्नीशियन रमनदीप, हेल्पर मनजीत राठी और मीना ने कैंप में ब्लड शुगर और के टेस्ट किये। आज कुल 300 वकीलों के टेस्ट किए गए। विकास पंवार ने बताया कि इससे पहले भी बार रूम में इस प्रकार के कैंप लगाए जाते रहे हैं। कैंप लगाने के लिए एसोसिएशन के प्रधान संदीप शर्मा ने डॉ पुष्पेंद्र सिंह का भार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस कैंप से वकीलों को ब्लड शुगर टेस्ट करवाने में काफी मदद मिली है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के कैंप लगवाए जाते रहेंगे।

# स्वास्थ्य शिविर नीमवाला व नरवाल में

- शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दिया परामर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजौंद

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजौंद के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. कीर्ति शर्मा के दिशा-निर्देशन में गांव नीमवाला व गांव नरवल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा डॉ. फर्मान अली के निरीक्षण में सोमवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को टीबी की बीमारी के बारे में जागरूक करना और इसके लक्षणों की पहचान करना था। शिविर में टीबी के संभावित मामलों की पहचान के लिए एक्स-रे और सपूटम सैंपल संग्रहण की सुविधा प्रदान की गई। इस दौरान एएनएम कमलेश और पूजा के साथ जिला मुख्यालय से आई टीम ने हिस्सा लिया। शिविर मे 531 लोगों की छाती का एक्स-रे स्कैन कर जांच की। डॉ. फर्मान अली ने बताया कि टीबी मुक्त भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके इलाज की दिशा में लोगों को सही मार्गदर्शन प्रदान करना है।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

# कार्यकर्ताओं से मिले पूर्व सांसद

- कार्यकर्ताओं के जोश और अपनेपन ने हमेशा प्यार के साथ-साथ ताकत देने का काम किया : कुलदीप बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि कार्यकर्ताओं के जोश और अपनेपन ने हमेशा प्यार के साथ-साथ ताकत देने का काम किया है। इसके चलते ही मुझे हर समय नई ऊर्जा प्रदान होती है। बिश्नोई कलायत अनाज मंडी में विप्र फाउंडेशन जिला अध्यक्ष सुरेश शर्मा के प्रतिष्ठान पर कार्यकतार्ओं से रूबरू थे। उन्होंने कहा कि हर जिले और हर विधानसभा में साथी लगातार वर्षों से हर कदम पर साथ खड़े हैं। इनका मैं आजीवन आभारी रहूंगा। बिश्नोई ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय भजनलाल ने अपने मुख्यमंत्री काल में प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयां दी। बिना किसी भेदभाव के वर्ग के उत्थान में अपना योगदान दिया। मेरा प्रयास भी उन्हीं के पद्चिन्हों पर चलते हुए प्रदेश के विकास में अपनी भागीदारी देने का है। कार्यकर्ता ही मेरी असली ताकत हैं। मैं मेरे साथ जुड़े एक भी कार्यकर्ता के संघर्ष को बेकार नहीं जाने दूंगा।



**कलायत।** अनाज मंडी में साथी कार्यकतार्ओं के साथ पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई और विनोद निर्मल। *फोटो : हरिभूमि*

# नेशनल हाइवे से जुड़ेगा कलायत का सजुमा रोड

- वार्ड दो के पार्षद आशीष राणा ने अधूरे मार्ग निर्माण कार्य को शुरू करने के लिए बढ़ाई गतिशीलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

कलायत शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनानेको काफी समय से अधूरे पड़े फिरनी निर्माण का कार्य शुरू करने की गतिविधियां शुरू हो गई हैं। इसके तहत वार्ड दो के पार्षद आशीष राणा ने नगर के सजुमा रोड को अब फिरनी मार्ग के माध्यम से चंडीगढ़-हिसार राष्ट्रीय मार्ग से जोड़ने के प्रयास शुरू किए हैं। इस कदम की हर कोई प्रशंसा की रहा है। यह कार्य प्रदेश सरकार की शहरों के बायपास नीति के तहत पूर्ण होना है। पार्षद ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य न केवल वार्ड 2 बल्कि संपूर्ण नगर को यातायात की दृष्टि से सुदृढ़ बनाना है। सजुमा रोड से नेशनल हाईवे को जोड़ने से भारी वाहनों का दबाव मुख्य बाजार से हटेगा और आवागमन में सुविधा बढ़ेगी। साथ ही यह बायपास क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी नागरिकों के लिए भी वरदान साबित होगा। भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद राजीव राजपूत ने बताया कि फिरनी मार्ग को मजबूत और चौड़ा बनाकर उसे नेशनल हाईवे से जोड़ा जाएगा। इससे भारी वाहन शहर के मुख्य क्षेत्र में प्रवेश किए बिना सीधे हाईवे तक पहुंच सकेंगे।



**कलायत।** कलायत में फकीर कालोनी में अधर में लटका फिरनी निर्माण कार्य।

### बोले पार्षद



पार्षद आशीष राणा ने बताया कि फिरनी निर्माण के संबंध में प्रस्ताव भी डाला गया है। वे अधिकारियों के साथ मिलकर इस मार्ग की प्रारंभिक सर्वे प्रक्रिया को शुरू करने की मांग प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कर रहे हैं। विकास कार्यों को गति देने के लक्ष्य को लेकर वे पूर्व राज्यमंत्री कमलेश ढांडा से मुलाकात भी करते आए हैं। लंबे समय से सजुमा रोड के आसपास के क्षेत्रों के लोग बेहतर कनेक्टिविटी की मांग कर रहे थे। अब प्रदेश सरकार की नीति के तहत इस मार्ग को विकसित करने की योजना साकार होती नजर आ रही है।

# सरकार की ओलंपियाड योजना के बारे में बताया

- कलायत सहित 103 केंद्रों पर एक साथ मिशन बुनियाद कक्षा नौंवी के चौथे बैच की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

मिशन बुनियाद कार्यक्रम के तहत नौवीं कक्षा के चौथे बैच की कक्षाएं हरियाणा प्रदेश के 103 केंद्रों पर एक साथ शुरू हुई। इस उपलक्ष्य में कलायत के राजकीय संस्कृति माडल वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में कार्यक्रम का मंच सजा। इस आन लाइन कार्यक्रम में सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला विज्ञान विशेषज्ञ व केंद्र प्रमुख साक्षी बनें। प्रथम दिन विद्यार्थियों में मिशन के तहत दी जाने वाली शिक्षा के प्रति उमंग-उत्साह पैदा किया। उन्हें बताया गया कि मिशन बुनियाद उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण प्रदान करेगा। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक सिद्ध होगी। इस दौरान हरियाणा सुपर 100 में चयनित मिशन बुनियाद के पूर्व छात्र-छात्राओं ने भी अपने अनुभव सांझा किए। उन्होंने नए विद्यार्थियों से संवाद कर समझाया कि आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना करें और आगे बढ़ें। विकल्प फाउंडेशन संस्थापक नवीन कुमार मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम के माध्यम से हरियाणा सरकार की ओलंपियाड योजना की जानकारी दी गई। इसके माध्यम से गणित जैसे विषयों में उत्कृष्टता प्राप्त करने को प्रेरित किया। यह कार्यक्रम सही मायने में विद्यार्थियों के लिए एक नई प्रेरणा और दिशा लेकर आया है।



**कलायत।** मिशन बुनियाद कार्यक्रम के तहत आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी, शिक्षक और विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### छात्रों को किया आश्वस्त

स्कूल प्रधानाचार्य सुखदेव सिंह ने कहा कि खंड में मिशन बुनियाद एक नई उन्नति की बयार लेकर आया है। इसके लिए मिशन बुनियाद के अधिकारी-कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा हरियाणा की संयुक्त निदेशक हरप्रीत कौर भी ऑनलाइन माध्यम से विद्यार्थियों से जुड़ीं। उन्होंने मिशन बुनियाद की उपयोगिता। इसके माध्यम से मिलने वाले अवसरों और आत्म-अध्ययन की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि यदि वे ईमानदारी से मेहनत करें तो उनका भविष्य उज्ज्वल और सशक्त होगा।

# प्राचीन शनि मंदिर में मनाई जयंती

- श्रद्धा और आस्था से सराबोर रही शनि जयंती, भक्तों ने तेल चढ़ाकर की शनिदेव की आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

पूंडरी के कैथली गेट स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में शनि जयंती के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आना शुरू हो गया था, और दिन भर भक्तों ने शनिदेव की प्रतिमा पर सरसों का तेल चढ़ाकर अपनी आस्था प्रकट की। पूजन की शुरुआत शनिदेव के स्नान व अभिषेक से की गई, जिसके बाद मंदिर परिसर में हवन-यज्ञ का आयोजन हुआ। यज्ञ का संचालन प्रसिद्ध पंडित रविदत्त शास्त्री ने विधिपूर्वक किया। यज्ञ में बलवान कश्यप, अजमेर कश्यप और अमित कश्यप ने अपने परिवार सहित यजमान के रूप में आहुति अर्पित की। मंदिर के पुजारी धनु पंडित ने बताया कि 'येष्ठ अमावस्या के दिन शनिदेव का जन्म हुआ था, इसलिए यह दिन शनि जयंती के रूप में मनाया जाता है। पंडित रविदत्त शास्त्री ने जानकारी दी कि शनिदेव को न्याय का देवता कहा जाता है, जो सभी प्राणियों को उनके कर्मों के अनुसार फल देते हैं। इस दिन शनिदोष से मुक्ति पाने के लिए विशेष पूजा, दान और मंत्र जाप का विधान है। बताया कि 'येष्ठ अमावस्या को नदी, तालाब या पवित्र जलाशयों में स्नान कर सूर्य देव को अर्घ्य देना और बहते जल में तिल प्रवाहित करना पुण्यकारी माना जाता है।



**पूंडरी।** शनिदेवी जयंती के अवसर पर हवन में भाग लेते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

# मेधावी विद्यार्थी किए सम्मानित

- पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमालपुर में सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कलायत

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमालपुर में आज एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन हाल ही में घोषित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने हेतु किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट ने शिरकत की। उन्होंने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, /"यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अध्यापकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का समेकित प्रतिफल है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को न केवल प्रेरणा मिलती है, बल्कि शिक्षा के प्रति उनका विश्वास भी सुदृढ़ होता है।

इस अवसर पर क्षेत्र के सभी राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य, डीएमएस छत्रपाल , सुपरीटेंडेंट सुरेश कौशिक, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




**कलायत।** डीइओ रामदिया गागट विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

## उज्बेकिस्तान में भारत का परचम लहराया, बैंड बाजे से किया स्वागत

# अलिशा ने कराटे चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पूंडरी

हरियाणा के कैथल जिले के गांव मोहना की होनहार बेटी अलिशा चौधरी ने एक बार फिर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। साधारण किसान परिवार में जन्मी अलिशा ने उ'बेकिस्तान में 21 से 25 मई तक आयोजित एशियन कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि अलिशा एशियाई चैंपियनशिप में कराटे की भारत की पहली महिला खिलाड़ी बनी हैं, जिसने इस प्रतियोगिता में पदक जीतकर इतिहास रच दिया। अलिशा ने इस प्रतियोगिता में -55 किलो भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कड़े मुकाबलों में कोरिया, थाईलैंड और कजाकिस्तान की प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों को पराजित कर यह मेडल हासिल किया।



**पूंडरी।** गांव में पहुंचने पर खुली जीप में बिठाकर अलिशा चौधरी का स्वागत करते सरपंच प्रतिनिधि महिपाल मोहना। *फोटो : हरिभूमि*

### ग्रामीणों ने गांव पहुंचने पर किया बेटी का सम्मान

मंगलवार को जब अलिशा दिल्ली एयरपोर्ट से अपने गांव मोहना लौटीं, तो ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। सरपंच प्रतिनिधि महिपाल मोहना के नेतृत्व में रसीना के पास बस्तली झाल पर ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। अलिशा को खुली जीप में बैठाकर डीजे और कारों के काफिले के साथ गांव लाया गया। गांव में महिलाओं ने मंगलगीत गाए और परिवारजनों ने नोटों की मालाएं पहनाकर बेटी का मान बढ़ाया।

### ग्रामीणों ने मनाया जश्न, सरकारी नौकरी की मांग

गांव पहुंचने के बाद ग्रामीणों ने जोरदार आतिशबाजी कर खुशियां मनाईं। इसके बाद काफिला पूंडरी शहर भी पहुंचा, जहां विभिन्न स्थानों पर लोगों ने अलिशा का सम्मान किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि महिपाल मोहना, रामदिया नम्बरदार, जसबीर सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जिला सोशल ऑडिट की बैठक का आयोजन

**कैथल।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा की अध्यक्षता में जिला सोशल ऑडिट की बैठक हुई। जिसमें पूनम रानी ने जिले के विभिन्न गांव में जा कर केंद्रीय सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का ऑडिट किया व कमियों व उपलब्धियों के बारे बताया। उक्त कर्मचारी द्वारा गांव थेह तारावली, गगरपुर, खरकां, कांगथली, बीरथे बाहरी, हेमूमाजरा व कमहेडी से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

### पेयजलः 20 अवैध कनेक्शन काटे, 32 को दिए नोटिस

**जींद।** गांव घसो कलां में अवैध लगाये गए 20 पेयजल कनेक्श काटे व टीम ने मौके पर 32 लोगों को नोटिस दिए गए। गांव घसो कला में कई दिन से मिल रही पेयजल बर्बादी की शिकायत को लेकर उपमंडल अभियंता सुनीता की अध्यक्षता में टीम का गठन किया गया। टीम ने गांव में पेयजल सप्लाई चलवा कर घर-घर दस्तक दी व ऐसे उपभोक्ताओं पर शिकंजा कसा जो पेयजल की बर्बादी कर रहे थे।

### नाबालिग को फोन पर धमकाने का आरोपी काबू

**जींद।** जुनायल लड़के को फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर धमकाने पर पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। अपोलो रोड निवासी एक महिला ने बताया कि उसका बेटा निजी स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र है। उसके सहपाठी के पिता विकास तथा चाचा दीपक ने उसके बेटे को फोन पर धमकाया व जातिसूचक गालियां दी। शिक्षक हरिओम भी उसके बेटे को परेशान करता है। विकास तथा दीपक के अध्यापक हरिओम के संबंध है। शहर पुलिस ने विकास, दीपक तथा हरिओम के खिलाफ धमकी देने, जातिसूचक गालियां देने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अधिकारियों को ड्रेनों की सफाई और लेवलिंग करने के दिए आदेश

# बाढ़ प्रबंधन की दिशा में सभी ड्रेनों की सफाई हो समयबद्ध

**डीसी ने बाढ़ प्रबंधन पर अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, दैनिक रिपोर्ट भेजने के निर्देश कोताही की तो कार्रवाई के लिए रहे तैयार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी के अधिकारी बरसाती सीजन से पहले बाढ़ प्रबंधन की दिशा में ड्रेनों की सफाई समयबद्ध तरीके से करना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में ड्रेनों, नालों की सफाई जो कार्य चल रहा है, इस कार्य में तेजी लाकर जल्द पूरा किया जाए ताकि किसी भी स्थान पर जलभराव की समस्या उत्पन्न ना हो। जिला में जितने भी रिचार्जवाल है, उनका निरीक्षण करके उन्हें दुरूस्त करें। किए जा रहे कार्यों की रिपोर्ट प्रतिदिन कार्यालय में पहुंचाई जाए और इन कार्यों में किसी प्रकार की ढ़िलाई सहन नहीं की जाएगी। डीसी मोहम्मद इमरान रजा बाढ़ प्रबंधन को लेकर संबंधित अधिकारियों को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में मंगलवार को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे।



जींद। सीएम के साथ वीसी में भाग लेते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि

इससे पहले सीएम नायब सिंह सैनी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल निकासी, नालों की सफाई से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और समन्वयपूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल से कार्य करेए जितने भी पंप हाउस हैं, उन्हें पहले से ही दुरुस्त रखें। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों के नालों की सफाई समय रहते कर दें ताकि बरसात के सीजन में जलभराव की समस्या नहीं आए। उन्होंने कहा कि जिला में 142 इलेक्ट्रिक पंप, 67 डीजल पंप, 170 वर्टिकल पंप, 32 स्थाई पंप हाउस तथा चार अस्थायी पंप हाउस है। बाढ़ प्रबंधन से संबंधित किए जा रहे कार्यों की मॉनिटिरिंग अधिकारी जरूरत करते रहे ताकि सभी कार्य समय रहते पूरे हो सके। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वे नालों की प्रभावी सफाई, जल निकासी की व्यवस्था तथा संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर विशेष ध्यान दिया जाए। इस अवसर पर डीएमसी गुलजार मलिक, अधीक्षक अभियंता राजेश बिश्नोई व विक्रम मोर, कार्यकारी अभियंता भानू शर्मा, गुरमित सिंह मौजूद रहे।




कैथल। सीएम की वीसी में भाग लेती डीसी प्रीति व अन्य।

### एक सप्ताह में जिले की सभी ड्रेनों की सफाई सुनिश्चित करें सिंचाई विभाग के अधिकारी

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि मानसून का सीजन शुरू होने वाला है, इसलिए सिंचाई विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जिले में जिन ड्रेनों के माध्यम से बरसात के पानी की निकासी होती है, उनके बहाव में किसी तरह की बाधा न हो। वे आगामी एक सप्ताह में साफ हो जानी चाहिए और इसकी रिपोर्ट दी जाए। ड्रेनों की सफाई के मामले में यदि किसी स्तर पर लापरवाही मिलती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीसी प्रीति मंगलवार को सीएम नायब सिंह सैनी द्वारा विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से ड्रेनों की सफाई कार्य की समीक्षा के बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहीं थीं। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश की ड्रेनों की सफाई के अब तक हुए कार्य की समीक्षा की। इस वीसी के बाद डीसी ने जिले के सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता सहित सभी कार्यकारी अभियंताओं के साथ सचिवालय के सभागार में बैठक की। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में ड्रेनों में जलखुंबी सहित अन्य बाधाओं के कारण पानी आबादी व कृषि क्षेत्र में घुसने की संभावना रहती है। जो फसल सहित जन-जीवन के लिए नुकसान का कारण बनता है। इसी के मद्देनजर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बारिश से पहले सभी ड्रेनों की सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जल्द ही मानसून सीजन शुरू होने वाला है। इसलिए सरकार के आदेशानुसार जिले की संबंधित 43 ड्रेनों की साफ-सफाई एक सप्ताह में करवाना सुनिश्चित किया जाए।

# मिशन बुनियाद के तहत नए बैच की हुई शुरूआत

*मिशन बुनियाद का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना*

■ विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा के लिए मिलती है मुफ्त कोचिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मिशन बुनियाद के तहत नए बैच की शुरूआत हुई। इसका मुख्य कार्यक्रम रावमावि में किया गया। डीईओ सुमित्रा देवी, बीईओ राजपाल देशवाल, जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह लोहान और प्राचार्य अनिता ने शिरकत की।डीईओ ने कहा कि मिशन बुनियाद शिक्षा विभाग और सरकार एक महत्वकांक्षी योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है।



जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए चयनित बच्चे। फोटोः हरिभूमि।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विद्यार्थी संसाधानों की कमी के कारण जीवन में ज्यादा आगे नहीं बढ़ पाते। ऐसे में सरकारी स्कूलों में पढने वाले विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा के लिए तैयार करने के लिए सरकार की ओर से मुफ्त कोचिंग दी जाती है। योजना के तहत नौवीं में पढने वाले विद्यार्थियों के लिए बुनियाद परीक्षा करवाई जाती है।

परीक्षार्थी चयनित होने पर दो साल के निःशुल्क एनडीएए नीट और एनटीएसई सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है। विकल्प फाउंडेशन की ओर से विशेष शिक्षक विद्यार्थियों को पढ़ाते हैं। जिले में बुनियाद केंद्रों की कुल संख्या पांच है। योजना के तहत विद्यार्थियों को शिक्षा के अलावा निशुल्क किताबें शिक्षण सामग्री और वर्दी भी दी जाती है। जिला विज्ञान विशेष रणधीर सिंह लोहान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें बस सही मार्गदर्शन की जरूरत है।

## जिले में ढैंचा बुआई का क्षेत्रफल 37 हजार एकड़ निर्धारित

# सरकार किसानों को ढैंचा की बुआई पर देगी प्रति एकड़ एक हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ किसान अधिकतम 10 एकड़ तक कर सकता है बिजाई।

कृषि उप कृषि निदेशक गिरीश नागपाल ने बताया कि इस वर्ष ढैंचा का बीज किसानों को सरकारी या गैर सरकारी किसी भी अधिकृत बीज विक्रय केंद्र से खरीदना होगा। बीज खरीदते समय किसान दुकानदार से उचित बिल अवश्य प्राप्त करें। ढैंचा की बुआई पर सरकार द्वारा किसानों को प्रति एकड़ एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। एक किसान अधिकतम 10 एकड़ तक ढैंचा की बुआई कर सकता है। इसके लिए किसान को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा। यह पोर्टल कुछ ही दिनों में पुनरू चालू किया जाएगा। इसके बाद किसानों को अपने खेत में बोए गए ढैंचा की फोटो पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। उन्होंने कहा कि बीज की खरीद के बाद खेत के भौतिक सत्यापन (फिजिकल वेरिफिकेशन) संबंधित कृषि अधिकारियों द्वारा की जाएगी। सत्यापन के उपरांत ही प्रोत्साहन राशि किसान के बैंक खाते में डीबीटी से ट्रांसफर की जाएगी। जिला में इस वर्ष ढैंचा की बुआई का क्षेत्रफल 37 हजार एकड़ निर्धारित किया गया है। इस योजना का लाभ पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। किसान ढैंचा बीज की बुआई के समय यह सुनिश्चित करें कि बीज अच्छी गुणवत्ता का हो तथा बिल सुरक्षित रखें। जिससे पोर्टल पर डाटा सत्यापन में कोई बाधा न आए।

### हाट रोड पर धूमधाम से मनाई शनिदेव जयंती



**सफीदों।** नगर के हाट रोड पर मंगलवार को भगवान शनिदेव जयंती धूमधाम से मनाई गई। सुबह शनिदेव मंदिर में भगवान शनिदेव की विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण पहुंचकर शनिदेव के सम्मुख शीश नवाया और समाज व परिवार की सुख-शांति की कामना की। वहीं मंदिर में विशाल हवन किया गया। उसके उपरांत विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर उपस्थित समाजसेवी नरेश जैन व डा. सुनील शर्मा ने कहा कि ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन भगवान शनिदेव का जन्म हुआ था। इस विशेष दिन को शनि जयंती रुप में जाना जाता है। इस पावन दिन शनिदेव की पूजा अर्चना करने से शनि देव की विशेष कृपा होती है। शनिवार का दिन शनि देव की पूजा के लिए समर्पित होता है। शनि देव की पूजा के लिए शनि जयंती का बहुत महत्व है। शनि देव सूर्य देव और माता छाया के पुत्र हैं।

# रघुबीर सिंह प्रधान व पवन जिला सचिव बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी का त्रिवार्षिक प्रतिनिधि सम्मेलन जवाहर पार्क में निवर्तमान जिला प्रधान छज्जू राम की अध्यक्षता में संम्पन हुआ। जिसमें चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण ने शिरकत की। जिसे प्रधान रमेश व राज्य प्रधान दलेल राणा ने संबोधित किया। पिछले तीन वर्षो की जिला कमेटी की गतिविधियों की रिपोर्ट और वित्त रिपोर्ट निवर्तमान जिला सचिव कपिल सिरोही ने रखी ।

दोनों रिपोर्ट को सभी डेलिगेटो ने सर्व सहमति से हाथ उठाकर पास किया। और जिला प्रधान छज्जू राम ने जिला कार्यकारिणी को भंग किया। अगली जिला कमेटी में जिला प्रधान रघुबीर सिंह शिक्षा विभाग, सचिव पवन भवन निमार्ण विभाग, कोषाध्यक्ष पवनपाल सिंह भवन निमार्ण विभाग, वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम शिक्षा विभाग, उपाध्यक्ष किरण, कांता देवी, बलकार मलिकपूर, संगठन सचिव मिठु गुहला, प्रेस सचिव अजय धर्मपुरा, सह सचिव मियां सिंह व सदस्य सुनीता,राममेहर को सर्व सहमति से चुना।



कैथल। हरियाणा राज्य चतुर्थ श्रेणी सरकारी कर्मचारी यूनियन।

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान शिवचरण ने नवनिर्वाचित कमेटी की शपथ दिलाई। राज्य महासचिव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार की उपेक्षाकृत नीतियों के कारण चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में रोष बढ़ रहा है और अपनी लंबित माँगो जिसमें सभी विभागों के कच्चे कर्मचारियों को पॉलिसी बनाकर पक्का करना, अवैतनिक सफाई कर्मचारियों को पार्ट टाइम लगाया जाए, आठवें वेतन को लागू करना, ग्रुप डी का प्रमोशन, पुरानी पेंशन , आदि लंबित माँगो लेकर 5 जून को शिक्षा निदेशालय पंचकूला पर मास डेपुटेशन के माध्यम से सरकार को चेताया जाएगा जिसमें जिले भर से सैकड़ों की संख्या में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भाग लेंगे।चुनाव सम्मेलन में सभी ब्लॉकों से बड़ी संख्या में सभी विभागों के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने भाग लिया।

# हरियाणा फुटबॉल लीजेंडरी अवार्ड दो जून को होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आगामी दो जून को फरीदाबाद में हरियाणा फुटबॉल के इतिहास में पहली बार बड़े पैमाने पर हरियाणा लीजेंडरी फुटबॉल अवार्ड का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लैजेंडरी फुटबॉलर्स जिन्होंने हरियाणा का नाम अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय सत्र पर चमकता है उन खिलाडि़यों को सम्मानित किया जाएगा। हरियाणा फुटबॉल संघ के जिला प्रधान दीपक जिंदल ने बताया यह अवार्ड कार्यक्रम करवाने का फैसला हरियाणा फुटबॉल संघ के प्रदेश अध्यक्ष सूरजपाल के दिशा-निर्देश के बाद लिया गया।



दीपक जिंदल।

इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि ऑल इंडिया फुटबॉल संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कल्याण चौबे, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा हरियाणा खेल मंत्री गौरव गौतम, राज्य मंत्री राजेश नागर, हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक, विधायक धनेश अदलखा व हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया वशिष्ठ अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। जींद के प्रधान दीपक जिंदल ने जिला जींद के सभी फुटबॉल खिलाडि़यों से अपील की है कि वे सब इस भव्य आयोजन में पहुंचकर हरियाणा फुटबॉल संघ की शान बढ़ाए।

# स्कूल टीचर एसोसिएशन ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डेमोक्रेटिक स्कूल टीचर एसोसिएशन ने मंगलवार को मांगों को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार व्यवहारिक राशनलाइजेशन करते हुए सभी वर्गों के लिए ट्रांसफर ड्राइव अति शिखर चलाया जाए ताकि किसी प्रकार की कोई असमंजस की स्थिति न रहे। जिला प्रधान हरपाल सिंह, राज्य कोषाध्यक्ष वेदपाल रिढाल, राज्य उप प्रधान सुमित्रा देवी ने कहा कि शिक्षा निदेशक द्वारा सामान्य स्कूलों व मॉडल संस्कृति स्कूलों और पीएम श्री स्कूल के लिए बनाए गए ड्राफ्ट में कक्षा छह से 12 प्रत्येक सैक्शन में 50 बच्चों का बनाया गया है। 51 बच्चे होने पर ही दूसरा सेक्शन बनेगा जबकि पीएम श्री और मॉडल संस्कृति स्कूल में कक्षा छह से आठ में 35 बच्चों पर व नौ से 12 में 40 बच्चों पर सैक्शन बनाएं जाने का प्रावधान किया गया है। इससे स्पष्ट होता है की सरकार व शिक्षा विभाग द्वारा सामान्य स्कूलों की शिक्षा की तरफ कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी तरह सामान्य स्कूलों में पीएम श्री व मॉडल संस्कृति स्कूलों की तुलना में सब्जेक्ट वाइज पीरियड में कटौती की गई है। अतः संगठन मांग करता है की सामान्य स्कूलों की पॉलिसी भी पीएमश्री व मॉडल स्कूलों की तर्ज पर बनाई जाए। न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तहत सभी स्कूलों में त्रिभाषा फॉर्मूला लागू किया जा रहा है जबकि भाषा के पीरियड घटाये जा रहे हैं। कई विद्यालयों में पंजाबी विषय सहित अन्य विषयों के प्रवक्ता व बच्चे होने के बावजूद भी प्रवक्ता के पद घटा जा रहे हैं, जो कि अव्यवहारिक है। इसमें भी सामान्य स्कूलों के अध्यापकों के साथ भेदभाव किया गया है। इन दोनों ड्राफ्ट की तुलना करने पर ऐसा प्रतीत होता है की सरकार व शिक्षा विभाग का ध्यान सामान्य स्कूलों की तरफ न होकर पीएमश्री मॉडल संस्कृति स्कूलों की तरफ ज्यादा है। जोकि संख्या में बहुत कम है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अनुसार शीघ्र ट्रांसफर ड्राइव चलाने की मांग की।



मांगों को लेकर डीईओ को ज्ञापन सौंपते हुए अध्यापक।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत बना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाः अनिता चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भारतीय जनता पार्टी की महिला जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी डुलयानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल, दूरदर्शी और निर्णायक नेतृत्व में भारत ने जापान को पछाडकर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने इसे हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण और 'न्यू इंडिया' के विजन की सशक्त पुष्टि बताया। यह उपलब्धि केवल आर्थिक नहीं, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत के आत्मविश्वास की जीत है। अनिता चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए आर्थिक सुधारों, डिजिटल बदलावों और समावेशी विकास की नीति ने भारत की आर्थिक गति को एक नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारियों के लिए यह बड़ा अवसर है—अब वे बड़े कारोबारी बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ सकते हैं। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, गति शक्ति, और पीएलआई योजना जैसे अभियानों ने औद्योगिक क्षेत्रों में नई जान फूंकी है, जिससे विदेशी निवेशकों का भरोसा भी बढ़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि बीते वर्षों में भारत के बुनियादी ढांचे में रिकॉर्ड स्तर का निवेश हुआ है, जिससे सडक रेल, बंदरगाह और डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों में तेजी से प्रगति हुई है। इसका सीधा लाभ रोजगार, व्यापार और जीवनस्तर में सुधार के रूप में सामने आ रहा है। इस मौके पर अनिता चौधरी ने भाजपा महिला कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करते हुए कहा कि भारत की यह प्रगति महिलाओं के बढ़ते योगदान की भी कहानी है। उन्होंने महिला शक्ति को राष्ट्र निर्माण की रीढ़ बताया।



भाजपा महिला कार्यकर्त्ताओं के साथ वरिष्ठ भाजपा महिला नेत्री अनिता चौधरी।

**दिव्यांग महिला को ले गया आरोपीः कैथल।** शहर की एक कॉलोनी में एक युवक स्वयं को एक दिव्यांग महिला का भाई बताकर एक घर में चला गया। यह महिला बोल और सुन नहीं सकती है। आरोपी युवक महिला को उसकी बड़ी बहन से मिलवाने के बहाने महिला और उसके पति को बाइक पर बैठकर सीवन की ओर ले गया। रास्ते में बहाना बनाकर महिला के पति को खानपुर में सड़क पर उतार दिया और महिला के साथ भाग गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

कार्यक्रम | प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल हुए विभिन्न संकायों के विद्यार्थी, दिखाई अपनी प्रतिभा

# कौल कॉलेजः कैंपस प्लेसमेंट में 45 विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय कौल में प्राचार्य डॉ.ऋषिपाल के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग एवं कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल एवं डीएवी कॉलेज पिहोवा के वाणिज्य विभाग के सहयोग से कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. प्रेरणा ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न संकायों के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों एवं पूर्व में स्नातक कर चुके छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जोड़ते हुए उन्हें रोजगार के उपयुक्त अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कुल 45 विद्यार्थियों ने इस अवसर का लाभ उठाते हुए विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों के समक्ष अपनी योग्यता प्रदर्शित की। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत साक्षात्कार गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने-अपने महाविद्यालयों से वर्चुअल रूप से सहभागिता की। डा. प्रेरणा ने बताया कि यह साक्षात्कार दो पदों के लिए श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी के मार्केटिंग विभाग हेतु तथा दूसरा एसबीआई क्रेडिट कार्ड्स के लिए ओपन मार्केटिंग पद के लिए आयोजित किया गया।




### कॉर्पोरेट क्षेत्र से जोड़ने का प्रयास

प्राचार्य ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट क्षेत्र से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास रहा। जिससे उन्हें रोजगार के नए अवसर प्राप्त हुए। इन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने छात्रों से पर्सनल इंटरव्यू लिए और उनके कम्युनिकेशन स्किल, मार्केटिंग ज्ञान एवं टीमवर्क क्षमताओं का मूल्यांकन किया। उन्होंने कहा कि चयनित छात्रों को आगे की भर्ती प्रक्रिया के लिए आमंत्रित किया गया है, जिससे उन्हें प्रतिष्ठित कंपनियों में करियर बनाने का अवसर प्राप्त होगा। प्राचार्य ने कहा कि कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों को व्यावसायिक जीवन के लिए तैयार करते हैं तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं।